दिनांकः 25.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम–उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सीकर में करेंगे पंडित उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 'स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र के दिशा–निर्देश लागू करने को कहा।
- राज्य सरकार ने मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कीं।
- स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम।

..........................

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज 108वीं जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया जा रहा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सीकर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में पंडित उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा वे सीकर में "पंडित दीनदयाल उपाध्याय समिति उद्यान" का उद्घाटन भी करेंगे। इधर, पंडिल दीनदयाल की जन्मस्थनी जयपुर के धानक्या में भी कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया जा रहा है। बारां के दीनदयाल पार्क में इस अवसर पर पंडित उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही एक विचार गोष्ठी भी रखी गई है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल की जयंति पर उन्हें नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि उनका दर्शन समाज के हर वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिए समर्पित था। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार उनके विचारों से प्रेरित होकर समाज के हर वर्ग के विकास के लिए प्रयासरत है।

भारतीय जनता पार्टी जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती को महा सदस्यता दिवस के रूप में मना रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि इस दौरान बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के करीब ढाई लाख कार्यकर्ता प्रदेशभर के विभिन्न स्थानों पर जाएंगे। वे इस महा सदस्यता दिवस पर एक ही दिन में 25 लाख से अधिक सदस्य बनाकर अभियान को गति प्रदान करेंगे।

सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि 1 से 15 अक्टूबर तक अभियान का दूसरा चरण तथा 15 से 30 अक्टूबर तक तीसरा चरण चलाया जाएगा।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम बात करेंगे किसानों के कल्याण और कृषि विकास के लिए चलाई जा रही पीएम किसान योजना के फायदों के बारे में।

..........................

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 'स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र के दिशा–निर्देश' लागू करने को कहा है। न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर दिशा–निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए भी कहा है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने केंद्र सरकार को दिशा निर्देश की प्रतियां मुख्य सचिवों या समकक्ष अधिकारियों को भेजने के आदेश दिए हैं।

हाल में महाराष्ट्र के बदलापुर सहित कुछ स्कूलों में बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाओं के कारण एक गैर सरकारी संगठन ने एक याचिका दायर की थी। इसमें देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र के दिशा निर्देशों को लागू करने की मांग की गई थी।

..........................

राज्य सरकार ने मौसमी बीमारियों के बढ़ते मामलों को देखते हुए चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सरकार ने मौसमी बीमारियों के लिए प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में डेडिकेटेड

ओपीडी संचालित करने को कहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि मलेरिया, चिकनगुनिया और स्क्रब टाइफस के गंभीर मरीजों की जांच और इलाज के लिए रैपिड रिस्पांस टीमें तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

............

.........................

राज्य सरकार ने आरएएस प्रारंभिक परीक्षा–2013 में पर्चा लीक करने वाले आरोपी व्याख्याता को सरकारी नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई राजकीय सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों पर रोक) अधिनियम 1992 के अन्तर्गत की गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के कुछ अन्य अधिकारियों के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 17–ए के तहत जल जीवन मिशन मामले में 12 अधिकारियों के खिलाफ परिवाद दर्ज कर जांच के लिए पूर्वानुमोदन किया है। इसके साथ ही सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों के खिलाफ नियम 16 सीसीए में संचालित अनुशासनात्मक कार्रवाई के 4 मामलों में प्रमाणित आरोपों का अनुमोदन करते हुए सेवारत अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने का निर्णय भी लिया है।

.........................

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास का आज निधन हो गया है। वे 86 वर्ष की थीं और काफी समय से बीमार थीं। श्रीमती व्यास ने सात बार विधानसभा चुनाव लड़ा और छह बार विधायक बनीं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की महिला शाखा के महत्वपूर्ण पदों पर रही थी। राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान उन्होंने महिलाओं की विंग का नेतृत्व किया था। वर्ष 2012 में उन्हें राजस्थान विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक भी चुना गया था। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीमती व्यास के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने संदेश में ईश्वर से परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

.........................

प्रदेशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत कल जयपुर मेट्रो और एक निजी अस्पताल की ओर से स्वच्छता मित्र सुरक्षा शिविर लगाया गया। शिविर में मेट्रो कर्मचारियों और स्वच्छता मित्रों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान के जोधपुर स्थित उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र में अशोक उद्यान में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें योग सत्र के बाद लोगों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। संस्थान के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने आस–पास के क्षेत्रों में सफाई भी की।

जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की 92वीं वाहिनी के सीमा प्रहरियों ने रूपसी गांव के स्कूलों में साफ–सफाई की।

बारां के अंता में शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता पर आधारित निबन्ध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई।

.........................